नेताओं की तरह स्कूलों को भी चुनने का हो हक

Dainik Jagran, 19 April 09

नई दिल्ली, जासं : स्कूल च्वाइस कंपेन की ओर से जंतर-मंतर पर एक रैली की गई जिसमें सरकार से मांग की गई है कि नेताओं की तरह अभिभावकों को स्कूलों को भी चुनने का हक मिलना चाहिए। कंपेन के बाला देवन का कहना है कि गरीब बच्चों को भी अपने मनपसंद स्कूल चुनने का मौका मिले। अभी उनके पास सरकारी स्कूल में जाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। गरीब अभिभावक भी चाहते हैं कि उनका बच्चा भी अच्छे स्कूल में पढ़े। गरीब बच्चों को आर्थिक मदद दें ताकि अपने मनपसंद स्कूल में वे पढ़ सकें। सरकारी फंड का दुरुपयोग भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। निर्धन बच्चों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गरीब अभिभावकों को सरकार एक वाउचर दे और उसे मनपसंद स्कूल में खर्च करने का अधिकार

मिल सके। सरकार कोई भी ध्यान तब तक सार्थक नहीं है जब तक गरीब बच्चों को सही मार्ग दर्शन नहीं मिले।

Read the article in Dainik Jagran
http://translate.google.com/translate?hl=en&sl=hi&u=http://in.jagran.yahoo.com/epaper/index.php%3Flocation%3D2%26edition%3D2009-04-19%26pageno%3D5&prev=/search%3Fq%3Ddainik%2Bjagran%26hl%3Den%26sa%3DG